प्रेस नोट- थाना रामचन्द्र मिशन

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनाँक – 14.11.26

थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों को 602.330 किलोग्राम भांग की पत्तियों के चूरे सहित गिरफ्तार किया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार,श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन,क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई ।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 13.11.2026 की रात्रि को थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम शांति व्यवस्था एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान ग्राम मिश्रीपुर चौराहे पर मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम मिश्रीपुर में टावर वाले रास्ते पर नीरज के मकान के सामने गली में भांग की पत्तियों का चूरा भरे बोरे रखे हुए हैं, जिन्हें कहीं बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम आबकारी सिपाही के साथ मौके पर पहुंची। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पुलिस टीम ने देखा कि मकान के अंदर से दो व्यक्ति निकलकर बोरों के पास खड़े होकर उन्हें ले जाने के संबंध में बातचीत कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों को पकड़कर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम 1. नीरज पुत्र स्व0 सियाराम निवासी ग्राम मिश्रीपुर, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 29 वर्ष एवं 2. राजकुमार पुत्र स्व0 सियाराम निवासी ग्राम मिश्रीपुर, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 40 वर्ष बताया । पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के कब्जे से मौके पर रखे प्लास्टिक के कुल 30 बोरों में भांग की पत्तियों का चूरा बरामद हुआ। मौके पर मौजूद आबकारी सिपाही धर्मेन्द्र सिंह द्वारा भी बरामद चूरे की जांच कर उसे भांग की पत्तियों का चूरा होना बताया गया। इलेक्ट्रिक कांटे से वजन करने पर कुल 602.330 किलोग्राम भांग की पत्तियों का चूरा पाया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को दिनांक 13.11.2026 की रात्रि 22:30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। बरामदगी के आधार पर थाना रामचन्द्र मिशन पर मु0अ0सं0 213/26 धारा 60(1)(c) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया है । प्रकरण में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. नीरज पुत्र स्व0 सियाराम निवासी ग्राम मिश्रीपुर थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर उम्र 29 वर्ष
2. राजकुमार पुत्र स्व0 सियाराम नि0 ग्राम मिश्रीपुर थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाह0 उम्र 40 वर्ष

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 213/26 धारा धारा 60(1)(c) आबकारी अधिनियम थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तारी स्थान व समय-

ग्राम मिश्रीपुर में टावर वाले रास्ते पर नीरज के मकान के सामने गली में ,दिनांक 13.11.26 को समय 22.30 बजे

बरामदगी विवरण-

भांग की पत्तियों का चूरा वजन 602.330 कि0ग्राम (छोटे-बड़े प्लास्टिक के 30 बोरे)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 सुनील कुमार थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 दीपू सिंह थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
3. हे0का0 प्रदीप कुमार थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 यतेन्द्र कुमार थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 कमल कुमार थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
6. आबकारी सिपाही धर्मन्द्र सिंह